# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मुख्यालय : ब्रहारस्थान करौंदी, उमरियापान, जिला –कटनी (म.प्र.)483332



# वाणिज्य विभाग, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

# न्यूज लेटर

# जनवरी – जून, 2022



# परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी
# प्रथम कुलाधिपति
# महर्षि महेश योगी विजयन्तेतराम

## परम सम्माननीय कुलपति जी की कलम से ........



प्रोफेसर भुवनेश शर्मा
कुलपति
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय अपनी स्थापना से अद्यावधि अनेक दृष्टियों से अप्रतिम है, जो पूज्य महर्षि जी के पूर्ण ज्ञानप्रदायी सिद्धांतों पर आधारित शिक्षा प्रदान करता है। इस विश्वविद्यालय के सिद्धांत और प्रयोग अत्यंत स्वाभाविक है, प्राकृतिक हैं और शाश्वत हैं। महर्षि जी प्रणीत **भावातीत ध्यान** पद्धति के द्वारा विद्यार्थी स्वयं की चेतना को जाग्रत करके भावातीत ध्यान – सिद्धि द्वारा पूर्ण क्रियाशीलता प्राप्त कर स्वयं का जीवन सफल व आनन्दपूर्ण बनाकर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। महर्षि प्रणीत चेतना पर आधारित शिक्षा न केवल विद्यार्थियों की अपनी चेतना को पूर्ण सत्तावान बनाती है, बल्कि साथ ही साथ बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से भावातीत ध्यान सिद्धि के अभ्यास द्वारा **"ग्लोबल सुपर रेडियन्स"** के सिद्धांतानुसार पूरे विश्व के लिए अनन्त सम्बद्धता के क्षेत्र से शान्ति, सौहार्द, समृद्धि की वृद्धि करती है।

मैं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सहयोगी संस्थानों, शिक्षक –शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ और उनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

जय गुरूदेव जय महर्षि

प्रोफेसर भुवनेश शर्मा

## सम्माननीय कुलसचिव जी की कलम से ........



श्री अरविंद सिंह राजपूत
कुलसचिव
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी द्वारा शुरू किए गए महत्वपूर्ण मिशन का एक सहभागी रहा हूँ। हम प्रत्येक दिन, अपना आधिकारिक कार्य शुरू करने से पहले समूह में भावातीत ध्यान का अभ्यास करते हैं, जो न केवल तनाव पूर्ण मस्तिष्क तरंगों को शांत करता है, बल्कि मस्तिष्क की कुल क्षमता को भी बढ़ाता है जो काम की गुणवत्ता में सुधार करता है। इसके अलावा समूह में ध्यान का अभ्यास करने से सकारात्मक वातावरण, आपसी समझ और सहकर्मियों के बीच सहयोग का निर्माण होता है। वास्तव में भावातीत ध्यान और चेतना आधारित शिक्षा महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता है। एक कुलसचिव के रूप में मुझे अक्सर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से प्रशंसनीय संचार प्राप्त होता है।

यह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होने वाले छात्र पेशेवर और सामाजिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं। छात्रों को उपयुक्त पाठ्यक्रम प्रदान करके अकादमिक उत्कृष्टता के हमारे प्रयास को मजबूत करने के लिए हमने नियमित शिक्षा हेतु विभिन्न नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और हम व्यापक रूप से छात्रों की बदलती जरूरतों के अनुसार सभी शैक्षणिक सुविधाए प्रदान करते है।

जय गुरुदेव जय महर्षि

श्री अरविंद सिंह राजपूत

## आदरणीय निदेशक (शैक्षणिक) जी की कलम से ........



श्रीमती नमिता पाठक
निदेशक (शैक्षणिक)
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मुझे महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय को एक बढ़ते और विकासशील विश्वविद्यालय कहते हुए गर्व हो रहा है, जिसने अकादमिक उत्कृष्टता में गौरव और भव्यता की अकल्पनीय और अविश्वसनीय ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। हम डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मूल्य– आधारित, करियर उन्मुख विषयों का संचालन विश्वविद्यालय में कर रहे हैं जो "चेतना–आधारित शिक्षा" का हिस्सा हैं, जहां छात्र और शिक्षक तनाव को दूर करके एवं मस्तिष्क के विकास के लिए भावातीत ध्यान तकनीक का अभ्यास करते हैं। यहां प्रत्येक विद्यार्थी यह सीखता है, कि चेतना के माध्यम से देवत्व के वास्तविक मार्ग तक कैसे पहुंचा जाए।

यह विश्वविद्यालय एक महान मंच है जहां गौरवशाली और प्रतिष्ठित छात्र अपनी क्षमता दिखाते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं। यह सब इस विश्वविद्यालय के **संस्थापक परम पूज्य श्री महर्षि महेश योगीजी** और परम पूज्य **गुरुदेव श्री ब्रह्मानंद सरस्वती जी** के आशीर्वाद के कारण है।

हम सभी युवा पीढ़ी से अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए महर्षि जी के वैदिक विश्वविद्यालय में शामिल होने की अपील करते हैं जहाँ बहुत सारे अवसर उनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

जय गुरुदेव जय महर्षि

श्रीमती नमिता पाठक

## विभागाध्यक्ष (वाणिज्य विभाग) जी की कलम से ........



डॉ. मुकेश कुमार गोयल
विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय भारत के भौगोलिक केन्द्र बिन्दू में स्थापित एक अनूठा विश्वविद्यालय है। जो कि परम **सम्माननीय कुलाधिपति महोदय परम पूज्य ब्रम्हचारी डॉ. गिरीश वर्मा जी** के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। जहां वैदिक पाठ्यक्रम के साथ–साथ आधुनिक पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। छात्र–छात्राओं की दैनिक दिनचर्या का प्रारम्भ **भावातीत ध्यान** से किया जाता है, यह "चेतना–आधारित शिक्षा" हैं। **भावातीत ध्यान** छात्र–छात्राओं के मस्तिष्क का विकास कर उनकी एकाग्रता को बढ़ाकर भविष्य के लिए तैयार करता है। मुझे अत्यंत गर्व महसूस होता है कि मैं इस विश्वविद्यालय का हिस्सा हूँ। यहां शिक्षक एवं विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ– साथ आध्यात्मिक विकास किया जाता है, इस प्रकार की शिक्षा प्रदान करने वाला यह संस्थान भारत वर्ष में एकमात्र है। हम छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत उनके शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक विकास के साथ उनकी चेतना का विकास, शोध संबंधी विकास, कौशल विकास कर भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयत्न करते है।

सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों का विकास हो एवं वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें ऐसी हमारी कामना है एवं यह सब परम पूज्य महर्षि जी के आशीर्वाद से सम्भव हो रहा है।

जय गुरुदेव जय महर्षि

डॉ. मुकेश कुमार गोयल

# सम्पादकीय

## न्यूज लेटर समिति, वाणिज्य विभाग,
## महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

उद्देश्य :–

- पाठकों को विभाग की प्रगति के बारे में सूचित करना।
- विश्वविद्यालयीन के वाणिज्य विभाग में पिछले छः माह की गतिविधियों के बारे में सूचित करना।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर न्यूज लेटर की सहायता से विभाग की विभिन्न गतिविधियों को अपलोड करना।

समिति के सदस्य :–

| क्रमांक | नाम | पद | स्थिति (स्टेटस) |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. मुकेश कुमार गोयल | विभागाध्यक्ष | मुख्य सम्पादक |
| 2 | डॉ. राजेश तिवारी | सहायक प्राध्यापक | सम्पादक |
| 3 | श्री आनन्द नन्दवानी | सहायक प्राध्यापक | सदस्य |
| 4 | श्री शीतल सेन | सहायक प्राध्यापक | सदस्य |
| 5 | श्री प्रत्युष तिवारी | सहायक प्राध्यापक | सदस्य |
| 6 | श्री जगदीश चक्रवर्ती | सहायक प्राध्यापक | सदस्य |
| 7 | श्री सौरभ हल्दकार | कम्प्यूटर ऑपरेटर | सदस्य |

# अनुक्रमणिका


| क्रमांक | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पैडागोजिकल एप्रोचिस – सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम **(FDP)** | 09 |
| 2. | विभाग में मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का प्रारम्भ | 10 |
| 3. | प्रोग्रम ऑन जेंडर इक्वलिटी | 11 |
| 4. | महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय को **IIT** के पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्राप्त हुई | 12 |
| 5. | बसंतोत्सव के साथ रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन | 13 |
| 6. | "इंडस्ट्री – एकेडेमिया इनोवेटिव प्रैक्टिसस" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन | 14 |
| 7. | क्लाइमेट चेंज एंड एनवायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन | 15 |
| 8. | होली उत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन | 16 |
| 9. | भगवान परशुराम जयंती का आयोजन | 17 |
| 10. | **Swayam- NPTEL MOOCs** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन | 18 |
| 11. | व्यवसायिक नैतिकता **(Professional Ethics)** विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन | 20 |
| 12. | "आत्म पहचान के माध्यम से मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना" विषय पर ऑनलाईन वैबिनार | 21 |
| 13. | धूम्रपान निषेध दिवस **(NO SMOKING DAY)** पर कार्यक्रम | 22 |
| 14. | **Ethics in Research Methodology** विषय पर वैबिनार | 23 |
| 15. | **ROLE OF SKILL DEVELOPMENT IN MODERN CONTEXT** विषय पर वैबिनार | 24 |
| 16. | पूर्व छात्र बैठक का आयोजन **(ALUMNI MEET)** | 25 |
| 17. | **"Career Guidance"** विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन | 26 |
| 18. | **Intellectual Property Rights – Challenges & Possible Solutions** विषय पर वैबिनार | 27 |
| 19. | **"Mega Program for Guidance of Competitive Examinations"** विषय पर वैबिनार | 28 |
| 20. | **"CAMPUS PLACEMENT DRIVE"** का आयोजन | 29 |
| 21. | **"ORIENTATION PROGRAM"** का आयोजन | 30 |

## पैडागोजिकल एप्रोचिस – सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में दिनांक 05/01/2022 से 12/01/2022 तक विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ के अकादमिक विकास हेतु सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दिनांक 05/01/2022 को डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, के द्वारा किया गया।

## एफ.डी.पी. के प्रमुख विषय विशेषज्ञ



डॉ. जे.के. यादव,
प्राचार्य
लक्ष्मीबाई साहू जी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमैंट
जबलपुर



डॉ. अर्चना चौबे
सहायक प्राध्यापक
हवाबाग महाविद्यालय
जबलपुर



डॉ. दिलीप सिंह हजारी
प्राचार्य
महाराष्ट्रा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन
जबलपुर



डॉ. राजकुमारी सेन
सहायक प्राध्यापक
शासकीय महाविद्यालय
पाटन, जबलपुर



डॉ. नवीन शर्मा
प्राचार्य
विक्रमादित्य महाविद्यालय
जबलपुर



डॉ. जगदीप दुबे
सहायक प्राध्यापक
शासकीय मॉडल महाविद्यालय
डिंडौरी



डॉ. मनीष साहू
सहायक प्राध्यापक
ज्ञान गंगा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
जबलपुर



श्री आनन्द नन्दवानी
संयोजक

इस एफ.डी.पी. में सात दिन क्रमशः शैक्षणिक दृष्टिकोण में प्रेरक संबंधी विधियों, निर्देशात्मक योजना और मूल्यांकन की विधियों, परिणाम आधारित शिक्षा, शैक्षणिक दृष्टिकोण एवं रचनात्मक दृष्टिकोण, शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में शिक्षा शास्त्र का महत्व, एक प्रभावी शिक्षक के लक्षण, उच्च शिक्षा में लैंगिक संबंधी मुददों पर महत्वपूर्ण व्याख्यान विषय विशेषज्ञयों द्वारा प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम के अंतिम दिन श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने सभी विषय विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षणिक फैकल्टी का आभार प्रदर्शन किया।

## विभाग में मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का प्रारम्भ

विभाग में छात्र–छात्राओं को अध्ययन के साथ–साथ अपने कौशल के विकास हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर दो मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का प्रारम्भ दिनांक 15 जनवरी 2022 से हुआ। स्नातक स्तर पर **"Tally ERP-9"** एवं स्नातकोत्तर स्तर पर **"Insurance and Risk Management"** पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये । इन पाठ्यक्रम की कक्षाएं प्रत्येक शनिवार को आयोजित की गई एवं पाठ्यक्रम की कुल समयावधि 30 घंटे की रखी गई।




**Tally ERP-9**




**Insurance & Risk Management**


# " प्रोग्राम ऑन जेंडर इक्वलिटी "

वाणिज्य विभाग में दिनांक 18/01/2022 को लैंगिक समानता के महत्व पर "Programe on Gendar Equality" विषय पर **एक दिवसीय कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः 11:00 बजे वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग द्वारा भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उद्बोधन **डॉ. अर्चना चौबे सहायक प्राध्यापक, हवा बाग महाविद्यालय जबलपुर** के द्वारा किया गया। आपने अपने उद्बोधन में लैंगिक समानता के महत्व पर बहुत ही महत्वपूर्ण उद्बोधन प्रदान किया। आपने बताया की आधुनिक युग में जहां महिला पुरूष के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर प्रत्येक क्षेत्र में बराबरी से कार्यकर रही है। इसके बावजूद आज भी पिछडे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लैंगिक असमानता आज भी व्याप्त हैं। यह असमानता हमारे युवा दूर कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश कुमार गोयल विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री शीतल कुमार सेन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।



# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय को IIT के पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्राप्त हुई

विभाग की उपलब्धियों एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए फरवरी 2022 में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में आई. आई.टी कानपुर द्वारा एक लोकल चैप्टर स्थापित किया गया है। अब जो विद्यार्थी एवं शिक्षक किसी भी विषय में कोई कोर्स करना चाहते है, लेकिन समय के आभाव के कारण नहीं कर पाते हैं, तो वे विद्यार्थी कोर्स को महर्षि संस्थान के वाणिज्य विभाग से जुड़कर ऑनलाईन के माध्यम से आई. आई. टी. के पाठ्यक्रम अपनी समय सुविधानुसार कर सकतें है।



NATIONAL PROGRAMME ON TECHNOLOGY ENHANCED LEARNING

NPTEL

2022-01-28

To
The Principal
MAHARISHI MAHESH YOGI VEDIC VISHWAVIDYALAYA
HEAD OFFICE-KAROUNDI POST- MAHNER, TEHSIL-DHEEMARKHEDA DIST-KATNI (M.P) 483332

Dear Sir/Madam,

Sub: Establishing SWAYAM NPTEL Local Chapter in your college

Greetings from the NPTEL office

This is to acknowledge the receipt of your letter accepting to host SWAYAM NPTEL Local Chapter in your institution

The **Single Point of Contact (SPOC)** nominated from your college is

**Name of SPOC:** DR. MUKESH KUMAR
**Designation:** ASSOCIATE PROFESSOR
**Department:**COMMERCE
**Contact No(s):**7988857375
**E-mail id: drgselmmyvv@gmail.com**

We wish to inform you that all future correspondence related to NPTEL contents and online courses will be made to the afore-mentioned SPOC. He/she will be routinely updated with all the latest NPTEL initiatives which then may be circulated among the students

We are also happy to share that a dedicated SWAYAM NPTEL Local Chapter web page is being created and your institution will have a separate page on it (http://archive.nptel.ac.in/LocalChapter

Thanking you.

Sincerely

Prof. Satyaki Roy
NPTEL Coordinator
IIT KANPUR

# बसंतोत्सव के साथ रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में दिनांक 5 फरवरी 2022 को बसंत पंचमी के सुअवसर पर रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यादात्री माँ सरस्वती का पूजन किया गया। इसके पश्चात रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय कर दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान किया गया।









## रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण

उमरियापान दैमप्र। बसन्त पंचमी के उपलक्ष्य में करौंदी स्थित महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में विवि के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विवि प्रभारी प्रो. उमाशंकर तिवारी, प्रो. मानवेंद्र पाण्डेय, डॉ. मुकेश गोयल,डॉ. सुनील मिश्रा ने विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया।इस दौरान राजेश शर्मा, सोनल पटेल, सरिता रानी मिश्रा,आराधना सिंगौर, माधुरी गर्ग ज्योति जाटव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में शीतल सेन, जगदीश चक्रवर्ती, प्रत्यूष तिवारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# "इंडस्ट्री – एकेडेमिया इनोवेटिव प्रैक्टिसस" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

वाणिज्य विभाग में दिनांक 07/02/2022 को उद्यमिता विकास एवं औद्योगिक महत्व की जानकारी छात्र–छात्राओं में हो इस हेतु **"Industry-Academia Innovative Practices"** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः 10:45 बजे वैदिक आचार्य द्वारा गुरू पूजन से किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो. भुवनेश शर्मा जी ने इस सेमिनार का उद्घाटन किया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी सहायक प्राध्यापक द्वारा इस सेमिनार का संक्षिप्त परिचय दिया गया। मुख्यवक्ता में श्री **अजय कुमार श्रीवास्तव, मैनेजर,जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी, श्री सी.बी.मालपानी, वाईस प्रेसिडेंट, फेडरेशन म.प्र., चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल, डॉ. अशोक कुमार मिश्रा सह प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, के.एस.साकेत पी.जी. कॉलेज आयोध्या, श्री अशोक कुमार उपाध्याय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिहोरा, डॉ. संदीप केशरवानी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग गोपाल सिंह विश्वविद्यालय बिहार, श्री जितेन्द्र कुमार सेन स्नातकोत्तर शिक्षक शा.उ.मा.विद्यालय झिन्ना पिपरिया** थे। इस सेमिनार में जुडे सभी वक्ताओं एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया।





# क्लाइमेट चेंज एंड एनवायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन


महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में दिनांक 11/03/2022 को पर्यावरण जागरूकता एवं महत्व पर **"Climate Change and Environmental Sustainability"** विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ 12:00 बजे वेद पाठ से किया गया। अतिथियों के स्वागत एवं परिचय हेतु स्वागत भाषण डॉ. राजेश तिवारी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उद्बोधन में डॉ. मुकेश कुमार गोयल विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा अपने उद्बोधन में पर्यावरण प्रदूषण के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन के कारण व सम्भावित समाधान विषय पर बहुत ही महत्वपूर्ण उद्बोधन प्रदान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता **डॉ. नवीन शर्मा प्राचार्य, विक्रमादित्य महाविद्यालय जबलपुर** थे। आपने बताया की हम अपनी सुविधाओं के लिए आज विज्ञान द्वारा प्रदत्त कई तकनीकियों का प्रयोग अपने जीवन में कर रहे हैं। कहीं न कहीं यही तकनीके हमारे पर्यावरण को दूषित कर रही हैं जिससे जलवायु परिवर्तन जैसी गम्भीर स्थिति आज हमारे समक्ष उत्पन्न हो गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री शीतल कुमार सेन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।



# होली उत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय मुख्यालय करौंदी, के वाणिज्य विभाग के द्वारा होली उत्सव के उपलक्ष्य पर पोस्टर, गीत, निबंध, थाल सज्जा, इन्डोर गेम 16/03/2022 दिन बुधवार को छात्र –छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में सभी विभागों के छात्र –छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल के अनुसार प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रदान कर पुरस्कार वितरित किये गये।

निबंध प्रतियोगिता



पोस्टर प्रतियोगिता



गीत प्रतियोगिता



इन्डोर गेम



## थाल सज्जा





# भगवान परशुराम जयंती का आयोजन


महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में दिनांक 03/05/2022 को **भगवान परशुराम जयंती** के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयेजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्री गुरूपूजन एवं वैदिक विद्वानों द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया एवं मंचासीन अतिथियों का परम्परा अनुसार पुष्पमाला से स्वागत किया गया। परिसर प्रभारी डॉ उमाशंकर तिवारी जी द्वारा भगवान परशुराम के उपदेशों एवं जीवन चरित्रों का वर्णन करते हुए बताया की हम सभी को भगवान परशुराम के आदर्शों, त्याग व तपश्या को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र –छात्राओं द्वारा अपने – अपने विचार व्यक्त किये गये। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व छात्र –छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार गोयल जी द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र –छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।







# Swayam- NPTEL MOOCs विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा दिनांक 18/05/2022 को स्वयं नेपटेल (SWAYAM-NPTEL) पोर्टल पर विभिन्न ऑनलाईन पाठ्यक्रमों में पंजीयन, प्रशिक्षण, परीक्षा एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी हेतु विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ 04:00 बजे से गुरु वंदना गायन से किया गया। इसके पश्चात वैदिक आचार्य सुनील तिवारी, मनीष पाण्डेय द्वारा वेद पाठ से किया गया। डॉ. आनंद नन्दवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने स्वागत भाषण एवं उदघाटन उद्‌बोधन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग रहे। आपने एन.पी. टेल में पंजीयन प्रक्रिया, विडियो लैक्चर व परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रदान की एवं इससे प्राप्त होने वाले प्रमाण पत्र के महत्व को भी इस कार्यशाला के माध्यम से बताया। इस कार्यशाला में जुडे मुख्यवक्ता एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया।








# व्यवसायिक नैतिकता (Professional Ethics) विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन

वाणिज्य विभाग में दिनांक 23/05/2022 को व्यवसायिक नैतिकता (Professional Ethics) विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रात: 11:00 गुरू वंदना के साथ किया गया। वैदिक आचार्य ध्रुव पाठक व दीपक पाण्डेय द्वारा वेद पाठ किया गया। स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन डॉ. आंनद नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग के द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उद्बोधन डॉ. सतीश तिवारी प्राध्यापक, डिपार्टमेंट आफ फाइनेंस एंड एकाउंटिंग आई.बी.एस. हैदराबाद,तेलंगाना रिसर्च एरिया– कारपोरेट फाइनेंस के द्वारा व्यवसायिक नैतिकता विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात विशिष्टवक्त्री उद्बोधन **प्रो. पल्लवी सूर्यवंसी,विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइसं विभाग, गुरु रामदास खालसा इंस्टीट्यूट आफ साइंस एन्ड टक्नोलॉजी जबलपुर**, के द्वारा प्रदान किया गया। अगले चरण में विशिष्टवक्ता उद्बोधन डॉ. श्रीपाल चौहान, सह प्राध्यापक, सोसल साइंस विभाग,द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम कें अध्यक्ष के रूप में अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. भुवनेश शर्मा, कुलपति महोदय, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के द्वारा दिया गया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष,


वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाईन के माध्यम से विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की।




# "आत्म पहचान के माध्यम से मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना" विषय पर ऑनलाईन वैबिनार

वाणिज्य विभाग में दिनांक 26/05/2022 को मानवीय मूल्य के विकास छात्र–छात्राओं में हो इस हेतु "आत्म पहचान के माध्यम से मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना" विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः 11:00 बजे वैदिक आचार्य द्वारा वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात डॉ. कुमुद दुबे – प्राचार्य शिक्षा विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उद्बोधन **डॉ. शोभा उपाध्याय सहायक प्राध्यापक हितकारणी प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय जबलपुर** के द्वारा किया गया। आपने मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में स्वयं की पहचान विषय पर बहुत ही महत्वपूर्ण उद्बोधन प्रदान किये। इस वैबिनार में जुडे मुख्यवक्ता डॉ. शोभा उपाध्याय एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया।



# धूम्रपान निषेध दिवस (NO SMOKING DAY) पर कार्यक्रम

वाणिज्य विभाग में दिनांक 31/05/2022 को धूम्रपान करने के दुष्परिणाम के विषय में छात्र–छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य धूम्रपान निषेध दिवस (NO SMOKING DAY) पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. राजेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक ने धूम्रपान करने के दुष्परिणाम पर अपना उद्बोधन दिया, जिसमें आपने बताया की धूम्रपान में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ तम्बाखू में कितने जहरीले पदार्थ शामिल है एवं इसके सेवन से मानव शरीर पर क्या बुरे प्रभाव पड़ते है। इस कार्यक्रम के द्वितीय मुख्यवक्ता डॉ. मुकेश कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय रहे। आपने भी अपने उद्बोधन में धूम्रपान करने के दुष्परिणाम पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को दी। कार्यक्रम का संचालन एवं सभी का आभार प्रदर्शन श्री शीतल कुमार सेन, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया।







# Ethics in Research Methodology
# विषय पर वैबिनार

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 31/05/2022 को Ethics in Research Methodology विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः 02:00 बजे वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात डॉ. मुकेश कुमार गोयल विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। आपने अपने उद्बोधन में शोध कार्य में नैतिकता के कौन से बिन्दु महत्वपूर्ण है, इसका संक्षिप्त विवरण अपने उद्बोधन में बताए।

इस वैबिनार के मुख्यवक्ता उद्बोधक **डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ आई.टी, एम.ए.टी.एस. विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ** रहे। आपने अपने उद्बोधन में बताया की शोध कार्य में नैतिकता की क्या भूमिका है। आपने बताया कि यदि शोधार्थी का धैर्य अधिक है तो उसके शोध कार्य में नैतिकता रहेगी एवं यदि शोधार्थी में धैर्य कम है तो वह अपना शोध कार्य शीघ्र करना चाहेगा और नैतिकता को कोई स्थान नहीं देगा।

विशिष्ट वक्ता के उद्बोधन के पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, द्वारा वैबिनार में ऑनलाईन उपस्थित विशिष्ट वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों, शोधार्थियों, छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया।



# ROLE OF SKILL DEVELOPMENT IN MODERN CONTEXT
# विषय पर वैबिनार


विश्वविद्यालय के समस्त छात्र –छात्राओं में कौशल विकास की वर्तमान संदर्भ में भूमिका की जानकारी देने हेतु वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 01/06/2022 को “ROLE OF SKILL DEVELOPMENT IN MODERN CONTEXT” विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। वैबिनार का प्रारम्भ प्रातः 11:00 बजे पूर्व परम्परा अनुसार वेद पाठ के गायन से किया गया।

श्री आनन्द नन्दवानी सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इस वैबिनार में मुख्यवक्ता उद्बोधन डॉ. मुकेश कुमार गोयल द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें आपने अपने उद्बोधन में बताया की कौशल विकास की कितनी श्रेणिया होती है। आपने बताया की विद्यार्थी अध्ययन के दौरान सैद्धांतिक पक्ष का आसानी से अध्ययन कर लेते है किन्तु व्यवहारिक पक्ष पर ध्यान नहीं देते जबकि व्यवहारिक पक्ष कौशल विकास हेतु अति आवश्यक है।

वैबिनार के **विशिष्ट वक्ता डॉ. संदीप केशरवानी विभागाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय बिहार** ने अपने उद्बोधन में वैदिक शिक्षा की जानकारी दी जिसमें शिष्यों को अध्ययन के साथ आश्रम के सभी कार्य करने के महत्व पर महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। आपने भी कौशल विकास का वर्गीकरण सरल भाषा में समझाया एवं वर्तमान समय में कौशल विकास की महत्ता को बताया।

वैबिनार के अंत में मुख्य वक्ता एंव ऑनलाईन उपस्थित विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र–छात्राओं एवं अन्य संस्थाओं से जुडे प्रतिभागियों का आभार प्रर्दशन श्री वैभव आसाटी सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर साईंस विभाग के द्वारा किया गया।



# ALUMNI MEET
## का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र –छात्राओं के शैक्षणिक, अकादमिक विकास एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन हेतु 7 दिवसीय “ALUMNI MEET” कार्यक्रम दिनांक 06/06/2022 से 13/06/2022 तक सम्पन्न किया गया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन एक विभाग के भूतपूर्व छात्रों को उनके अकादमिक विकास हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक संबंधी परेशानियों का निराकरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री आनन्द नन्दवानी एवं श्री भावेश मिश्रा रहे। अंतिम दिन छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया।










# “Career Guidance” विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में दिनांक 08/06/2022 को समस्त छात्र–छात्राओं को उनके भविष्य के लिए कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने हेतु “Career Guidance” विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ 02:30 बजे वैदिक आचार्य हरिनरायण शर्मा, ध्रुव पाठक द्वारा वेद पाठ से किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग के द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं को उनके भविष्य के लिए कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, सम्भावनाओं व आने वाली समस्याओं के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ. राजेश तिवारी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक व स्नातकोत्तर में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को उनके विषय व संकायवार पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। छात्र–छात्राओं द्वारा प्रश्नोत्तर काल में जो उनकी जिज्ञासा थी उससे सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश कुमार गोयल विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री शीतल कुमार सेन सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया।



## Intellectual Property Rights – Challenges & Possible Solutions विषय पर वैबिनार

विश्वविद्यालय के समस्त छात्र –छात्राओं में बौद्धिक संपदा अधिकार के सम्बंध में चुनौतियों और सम्भावित समाधान विषय की जानकारी देने हेतु वाणिज्य विभाग में दिनांक 10/06/2022 को "Intellectual Property Rights – Challenges & Possible Solutions" विषय पर एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। वैबिनार का प्रारम्भ प्रातः 11:00 बजे पूर्व परम्परा अनुसार वेद पाठ का गायन किया गया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इस वैबिनार में **प्रथम मुख्यवक्ता श्रीमती रजनी गोयल सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, छछरौली, यमुनानगर** हरियाणा थी। आपने बौद्धिक संपदा अधिकार क्या होता है। कितने प्रकार का होता है, कॉपी राईट, ट्रेडमार्क आदि पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वैबिनार के **द्वितीय वक्ता डॉ. सुमन सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, अहरवाला (बिलासपुर), यमुनानगर, हरियाणा** थी। आपने अपने वक्तव्य में बौद्धिक संपदा अधिकार के क्रियान्वयन में कौन –कौन सी चुनौतियां हैं एवं उसके सम्भावित समाधान पर जानकारी दी।


वैबिनार के अंत में मुख्य वक्ता एंव ऑनलाईन उपस्थित विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र–छात्राओं एवं अन्य संस्थाओं से जुडे प्रतिभागियों का आभार प्रर्दशन डॉ. मुकेश कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग के द्वारा किया गया।






# “Mega Program for Guidance of Competitive Examinations”
# विषय पर वैबिनार

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उनकी तैयारी करने संबंधी मार्गदर्शन हेतु “Mega Program for Guidance of Competitive Examinations विषय पर 1 दिवसीय वैबिनार दिनांक 11/06/2022 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दोपहर 03:00 बजे वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने मुख्यवक्ताओं का स्वागत भाषण एवं वैबिनार का संक्षिप्त परिचय देते हुए उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के **प्रथम मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. शिखा अरोरा, सहायक प्राध्यापक व्यवसायिक प्रशासन विभाग सेंट जेवियर, महाविद्यालय, जयपुर** रही। आपने अपने वक्तव्य में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को प्रदान की। एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें इसके लिए भी विभिन्न विकल्पों को छात्र–छात्राओं को बताया। इस वैबिनार की **द्वितीय मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. निताशा खत्री, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, सेंट जेवियर महाविद्यालय, जयपुर** थी। आपके द्वारा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ सी.ए., सी.एस., आई.सी.डब्लू.ए. जैसे पाठ्यक्रमों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रश्नोत्तर काल में छात्र–छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर मुख्यवक्ताओं द्वारा दिये गये।इस वैबिनार में जुडे मुख्यवक्ता एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश कुमार गोयल, समन्वयक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC), के द्वारा दिया गया।






# "CAMPUS PLACEMENT DRIVE"
# का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग में दिनांक 18 जून 2022 को **केम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजीस लिमिटेड मोहम्मद अनवर डिप्टी एच.आर. मैनेजर, एवं श्री बी.पी. यादव व केयर हेल्थ इंश्योरेंश कंपनी के श्री सुधीर कुमार तिवारी, ब्रांच मैनेजर एवं श्री सुनील बाजपेयी ब्रांच मैनेजर** उच्च अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात केयर हेल्थ इंश्योरेंश कंपनी  द्वारा 15 विद्यार्थियों एवं शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजीस लिमिटेड द्वारा 07 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार गोयल ने उपस्थित कम्पनी के उच्च अधिकारियों का आभार प्रदर्शन किया एवं सभी सहभागी छात्र–छात्राओं का भी उत्साह बढ़ाया एवं बताया कि, इस प्रकार के आयोजन भविष्य में आगे भी आयोजित होते रहेंगे, जिससे कि उच्च शिक्षा प्राप्त किये हुये विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना ना करना पड़े। इसके पश्चात चयनित विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनांए दी गई। इस कार्यक्रम में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्य श्री आनन्द नन्दवानी, श्री भावेश मिश्रा, एवं विश्वविद्यालय के श्री शीतल कुमार सेन, डॉ. राजेश तिवारी, श्री जगदीश चक्रवर्ती, श्री सौरभ हल्दकार, श्रीमती माधुरी गर्ग, श्रीमती अराधना सिंगौर श्री वैभव असाटी, श्री प्रत्यूष तिवारी, डॉ. सुदेश बाला जैन एवं श्रीमती सोनल पटेल, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।








**22 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन**

**महर्षि महेश योगी वैदिक विवि में प्लेसमेंट ड्राइव**

समाचार संवाददाता, जबलपुर| महर्षि महेश योगी वैदिक विवि में छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य के साथ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग में आयोजित इस ड्राइव में बायो टेक्नोनॉजी और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र से जुड़ी दो कंपनियों ने 22 विद्यार्थियों का चयन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में होते रहेंगे, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार मिलता रहे। इस मौके पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के आनंद नंदवानी, भावेश मिश्रा के साथ शीतल कुमार जैन, डॉ. राजेश तिवारी, जगदीश चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# “ORIENTATION PROGRAM” का आयोजन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति, परीक्षा योजना व परियोजना कार्य के मार्गदर्शन हेतु वाणिज्य विभाग में दिनांक 20 जून 2022 को “ORIENTATION PROGRAM का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार गोयल द्वारा छात्र –छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति के उद्देश्य, परीक्षा योजना, वैकल्पिक विषय व व्यवसायिक विषय का चयन व परियोजना कार्य से संबंधित जानकारी छात्र –छात्राओं को दी गई।






महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
अमृत कण
ब्रह्मांड के प्रत्येक कण में, हमारे शरीर में कोशिकाओं से लेकर हमारे मन में विचारों तक, समुद्र में लहरों तक, आकाशगंगाओं में सितारों तक, सभी में शुद्ध चेतना पाई जाती है।
''राष्ट्र को अजेय बनाने में छात्र-छात्राओं की भूमिका, एक मौलिक भूमिका है, क्योंकि आज के छात्र-छात्राएँ कल के बुद्धिमान नागरिक हैं''
छात्रावास एवं बस सुविधा
वाणिज्य विभाग
सत्र :- 2022–23
पाठ्यक्रम | न्यूनतम योग्यता | अवधि
बी.कॉम(सी.ए./टैक्स/ऑनर्स) | 12वीं(वाणिज्य/गणित/बायो संकाय) | 3 वर्ष
बी.बी.ए. | 12वीं(किसी भी संकाय से) | 3 वर्ष
एम.कॉम | स्नातक (वाणिज्य संकाय) | 2 वर्ष
एम.बी.ए. | स्नातक (किसी भी संकाय से) | 2 वर्ष
डिप्लोमा इन ब्रॉंड मैनेजमेंट | 12 वीं | 1 वर्ष
डिप्लोमा इन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलेपमेन्ट | 12 वीं | 1 वर्ष
डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट | 12 वीं | 1 वर्ष
डिप्लोमा इन टेली- ई.आर.पी.9 | 12 वीं | 1 वर्ष
आधुनिक कार्यालय प्रबंधन (एम.ओ. एम.) | 12 वीं | 1 वर्ष
पीएच.डी. (वाणिज्य/प्रबंधन) | स्नातकोत्तर | 3 वर्ष न्यूनतम
विश्वविद्यालय की विशेषताएँ
विश्वव्यापी वैज्ञानिक अनुसंधानों से प्रमाणित शिक्षा
आधुनिक उपकरणों द्वारा शिक्षण कार्य
नित्य योग, प्राणायाम और भावातीत ध्यान का अभ्यास
लगभग ३५ एकड़ में फैला सुरम्य पहाड़ियों व हरियाली से आच्छादित सुंदर परिसर
वैदिक एवं अन्य शैक्षणिक विषयों का ग्रन्थालय व अध्ययन कक्ष
छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक छात्रावास की सुविधा
विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में 75 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को महर्षि संस्थान की नियुक्ति में वरीयता
वाई-फाई युक्त आधुनिक कम्प्यूटर लैब
नोट : उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा विश्वविद्यालय की बेबसाईट लिंक पर उपलब्ध है।
विश्वविद्यालय में प्रवेश की विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें -
मुख्यालय :- करौंदी,पोस्ट-महनेर(उमरियापान),जिला कटनी(म.प्र.)483332
दूरभाष नंबर - 7988857375, 7007507809, 9893227878, 7987996150
बेवसाईड :- www.mmyvv.com ईमेल :- drgoelmmyvv@gmail.com

जय गुरूदेव जय महर्षि

